तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 30 जून 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 पीएम श्री स्कूल के छात्र करेंगे विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर का भ्रमण



## खबर संक्षेप

### धरम बने कोतवाल तो मोती बने कटघोरा थाना प्रभारी

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने विभागीय कसावट लाने के लिए सोमवार को तबादला आदेश जारी किया है जिसमें नगर कोतवाल मोतीलाल पटेल को कटघोरा थाना का प्रभारी बनाया गया है जबकि कटघोरा थाना प्रभारी धरमनारायण तिवारी को कोतवाल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जबकि निरीक्षण मनोज कौशिक को पुलिस लाईन से पाली थाना में संबद्ध किया गया है। उपनिरीक्षक शिवकुमार कोसरिया को पुलिस लाईन से सिविल लाईन रामपुर, सउनि धनंजय जाटवर को बालको से सिविल लाईन, सउनि अनिल खांडे को सिविल लाईन से मानिकपुर चौकी, प्रआर शनि कुमार कुर्रे को पुलिस लाईन से थाना बालको पदस्थ किया गया है।

### जिलेभर में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

**कोरबा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशन तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर जिले भर में विधिक साक्षरता एवं जनजागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देशानुसार तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति करतला एवं तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा श्री हेमंत रात्रे, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री ग्रेसी सिंह, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी सुश्री तृप्ति राघव सहित पैनल अधिवक्ता, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, सहायक लीगल एड डिफेंस काउंसिल तथा पैरालीगल वालंटियर्स की उपस्थिति में जिला जेल कोरबा, उप जेल कटघोरा, बाल संप्रेषण गृह, बालिका गृह, बाल गृह दर्री तथा ग्राम पंचायत बड़मार, मशान, सकडुकला, पुटा एवं गंगदेई में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### कोरबा ब्लाक कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी घोषित

**कोरबा।** जिला कांग्रेस कमेटी शहर अंतर्गत दर्री-जमनीपाली ब्लाक कांग्रेस कमेटी, बालको ब्लाक कांग्रेस कमेटी और कुसमुण्डा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी की नियुक्ति के बाद अब प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कोरबा ब्लाक कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर नये एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को मौका दिया है। कार्यकारिणी सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश राठौर के मार्गदर्शन में ब्लाक अध्यक्ष पालूराम साहू ने जारी की है। कार्यकारिणी में जितेन्द्र सोनी को कोषाध्यक्ष बनाया गया है तथा उपाध्यक्ष पद पर महावीर जैन, अनुज जायसवाल, सतनाम सिंह मल्होत्रा, जीवन लाल चौहान, हरनारायण राठौर और कुंजबिहारी साहू को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं महामंत्री पद पर यश लाम्बा, मनीष डिडवानिया, रवि सचदेवा, अमन केडिया, आनंद श्रीवास आदि शामिल हैं।

### श्रमिकों के बच्चों को मिलेगी निःशुल्क शिक्षा

**कोरबा।** श्रमिक परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा संचालित अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के तहत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को कक्षा 6वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट आवासीय विद्यालयों में पूर्णतः निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। आवेदन करने की अंतिम तिथि 3 जुलाई निर्धारित की गई है। श्रम अधिकारी नीतीश विश्वकर्मा ने बताया कि योजना का लाभ ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की प्रथम दो संतानों को मिलेगा।

### निगम प्रशासन जारी कर रहा है हितग्राहियों को नोटिस

# शहर क्षेत्र के पीएम आवास में रेत का संकट, अधूरे पड़े आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम के अंतर्गत आने वाली स्लम बस्तियों में बन रहे प्रधानमंत्री आवास के निर्माण में रेत का संकट बना हुआ है। कई आवासों का निर्माण अधूरा पड़ा है। शहरी क्षेत्र में बीते दो साल के अंतर्गत 4 हजार आवास स्वीकृत हुए हैं और जिनमें 2200 आवास अब तक शुरू ही नहीं हुए। ऐसे हितग्राहियों को निगम नोटिस जारी कर रहा है।

**खास बात**

- दो साल में 4080 आवास हुए हैं स्वीकृत, 2200 अभी तक नही हुए शुरू

नगर निगम के अंतर्गत प्रधान मंत्री शहरी आवास योजना के तहत बड़ी संख्या में आवास स्वीकृत किए गए हैं। शुरुआती दौर में हितग्राहियों ने इस योजना का लाभ लेने के लिए घर के समीप रिक्त पड़ी जमीन में ही आवास बनाने का काम शुरू कर दिया। लेकिन नगर निगम प्रशासन ने झोपड़ीमुक्त शहर का हवाला देकर पुराने मकानों को तोड़कर उसकी जगह पीएम आवास बनाने के निर्देश हितग्राहियों को दिये। परिणाम स्वरूप हितग्राहियों ने अपने नए आवास का निर्माण शुरू कर दिया। जब तक रेत मिल रही थी तब तक हितग्राहियों ने निर्माण कार्य तेजी से शुरू किया लेकिन निर्माण की रफ्तार धीमी रहने के कारण नगर निगम के नोडल अधिकारियों ने हितग्राहियों को काम शुरू करने की नोटिस जारी की। उसके बाद पुनः ⏭ शेष पेज 3 पर



सीतामणी बस्ती में बन रहे पीएम आवास ।

**लाइसेंस धारक नहीं दे रहे रेत**

जिले में रेत भंडारण के लिए दो लोगों को लाइसेंस जारी किया गया है और इन लाइसेंसधारकों के द्वारा छोटे रेत सप्लायरों को रेत नहीं दी जा रही है। किन्तु बालको एवं लैंकों जैसे आसपास की औद्योगिक इकाईयों को इन लाइसेंस धारकों के द्वारा बड़ी मात्रा में रेत सप्लाई की जा रही है। जबकि प्रशासन ने रेत भंडारण का लाइसेंस इस उद्देश्य से दिया है कि आम लोगों को बारिश के समय अपने उपयोग के लिए आसानी से रेत उपलब्ध हो सके। लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के परिणाम स्वरूप तथा लाइसेंस धारकों के विरुद्ध कोई कदम नहीं उठाए जाने के कारण केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास जैसी योजना पर ग्रहण लगते नजर आ रहा है।

**ऊंचे दामों में मिल रही रेत**

रेत पर हो रही लगातार हो रही कार्रवाई की वजह से हितग्राहियों को रेत नहीं मिल पा रही है। चोरी छिपे रेत निकालने वाले रेत सप्लायर ऊंचे दामों में रेत बेच रहे हैं। जिससे हितग्राहियों के होस उड़ गए हैं। एक ट्रैक्टर की रेत 5 हजार से अधिक में बिक रही है स्थिति यह है कि हितग्राही रेत नहीं ले पा रहे हैं मजबूरी में उन्हें मकान निर्माण रोकना पढ़ रहा है।

**ग्रामीण क्षेत्रों में मिल रही रेत**

पीएम आवास ग्रामीण क्षेत्रों में भी बन रहे हैं। यहां के हितग्राहियों को रेत की सुविधा मिल सके इसके लिए जिला पंचायत की सामान्य सभा में जिला पंचायत सदस्यों ने अधिकारियों के सामने मुद्दा उठाया था। बैठक में उपस्थित खनिज विभाग के अधिकारियों ने रेत रायल्टी के साथ साथ पीएम आवास के लिए रेत ले जाने की अनुमति दी थी, किन्तु शहरी क्षेत्र में भंडारण होने के कारण यह व्यवस्था लागू नहीं की गई है।

**आवास निर्माण की स्थिति**

0 कुल स्वीकृत आवास 4080
0 अप्रारंभ 2200
0 प्रगतिरत 1800
0 पूर्ण आवास 80

**हितग्राहियों को जारी की गई नोटिस**

बीते दो साल के दौरान 4-4 महीने में आवास स्वीकृत हो रहे हैं। 80 आवास पूर्ण हो चुके हैं। शेष आवासों का काम चल रहा है। जिन्होंने काम शुरू नहीं किया है उन्हें नोटिस जारी कर काम शुरू करने कहा जा रहा है। रेत नहीं मिलने की जानकारी उनके सामने भी आई है।

**-एस बरूआ**, एसई नगर निगम

# ओवरब्रिज के नीचे सो रहे हमाल पर लाठी से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे ओवरब्रिज के नीचे सो रहे एक हमाल की लाठी से सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान राजेश महाराज के रूप में हुई है, जो हमाली का काम करता था। वह रेलवे ओवरब्रिज के नीचे अन्य मजदूरों के साथ अस्थायी रूप से रहकर जीवनयापन करता था। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह राजेश महाराज और भरत साहू का उसके अन्य साथी के साथ किसी बात को लेकर वाद विवाद हुआ था वाद विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों के मध्य मारपीट हो गई थी मारपीट के दौरान वहां मौजूद अन्य मजदूरों ने दोनों पक्षों को छुड़ाया और मामला को शांत करा दिया था। जिसके बाद राजेश महाराज दोपहर में ओवरब्रिज के नीचे बने चबुतरे में सो रहा था। इसी मौके का फायदा उठाते हुए भरत साहू आया और लाठी से उसके सिर पर कई बार वार किया, जिससे राजेश महाराज के सिर में गंभीर चोट लगी जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद मौके से भरत साहू फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी एमबी पटेल अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरु की। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। वहीं हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी भरत साहू को उसके घर मोतीसागरपारा से गिरफ्तार किया है। पुलिस भरत साहू के खिलाफ हत्या का मामला पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

**खास बात**

- कोतवाली थाना क्षेत्र का मामला



मृतक।

# अज्ञात कारण से युवक ने घर में लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत गेट नंबर 3 अमन नगर प्रगति नगर दर्री में युवक ने घर में फंसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। बताया जाता है कि प्रगतिनगर एनटीपीसी केनाल निवासी विक्की यादव पिता अखिलेश देव उम्र 21 ने अज्ञात कारणों के चलते घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी जहां पुलिस ने घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण किया है और मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। युवक ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।



मृतक।

# 11 केवी का टूटा तार, बरपाली सहित गांवों में पूरी रात बंद रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रविवार की शाम अचानक मौसम ने करवट बदली थी और बरपाली विद्युत वितरण केंद्र के अधीन आने वाले तुमान फीडर में लाइट गुल गई थी। टीम द्वारा विद्युत व्यवस्था को बहाल करने के लिए देर रात तक प्रयास किया गया और चार्ज करने के बाद रात को फिर से बिजली गुल हो गई जिसके बाद क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था बहाल नहीं हो पायी जिससे क्षेत्र के लोगों में खासा आक्रोश देखा गया। सोमवार की सुबह पुनः विद्युत अमले की टीम हरकत में आयी और विद्युत व्यवस्था को बहाल करने का प्रयास किया गया लगभग 8 घंटे की मशक्कत के बाद विद्युत व्यवस्था को बहाल किया जा सका।

यहाँ बताना होगा कि 28 जून की शाम 4 बजे से बरपाली विद्युत वितरण केंद्र के अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सलिहाभांठा, बंधवाभांठा, डोंगरीभांठा, पकरिया, सराईडीह समेत आधा दर्जन से अधिक गांवों में ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- भीषण गर्मी में ग्रामीणों को करना पड़ा रतजगा, अधिकारियों के खिलाफ रोष




फाइल फोटो

**मौसम के बदलते ही शहर में बिजली गुल**

सोमवार की शाम शहर में भी तेज आंधी शुरु हो गई और बिजली चमकने शुरु हो गई थी जिसके बाद शहर की विद्युत व्यवस्थ धवस्त हो गई। जिसके बाद लगभग 1 घंटे तक शहर की विद्युत व्यवस्था बाधित रही। आने वाले दिनों में तेज आंधी बारिश शुरु होगी ऐसे में पावर कट समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। भीषण गर्मी में लोगों को पावर कट की समस्या झेलनी पड़ रही है जिससे शहरवासी परेशान हैं। हालांकि वितरण विभाग के पास पर्याप्त अमला नहीं है। जिसके चलते अधिकारियों को भी मेंटनेंस कराने में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**लाईन हो गई थी ब्रेक डाउन**

रविवार की शाम से मौसम खराब होने की वजह से विद्युत व्यवस्था बाधित हुई थी। देर रात तक सभी क्षेत्र के विद्युत व्यवस्था को बहाल कर लिया गया था। इस बीच देर रात को लाइन ब्रेक डाउन हो गई और सोमवार की सुबह ट्रेकिंग करने पर बरपाली के समीप 11केवी की तार टूटी थी जिसे मेंटनेंस कर दोपहर लगभग 2 बजे लाईन को पुन: चार्ज किया गया।

**-सुमत कुमार निराला,** एई, कोरबा उप संभाग

# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको थाना क्षेत्र के रिंग रोड पर सोमवार को तेज रफ्तार भारी वाहन की टक्कर से मोटर साइकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे का उपचार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार घटना बालको थाना क्षेत्र के रिंग रोड में घटित हुई है। बताया जाता है कि दोनों मोटर साइकिल सवार दो युवक रिंग रोड से गुजर रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए एक तेज रफ्तार भारी वाहन ने उनकी मोटर साइकिल को ठोकर मार दी। टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि मोटर साइकिल में सवार दोनों युवक उछलकर सड़क पर जा गिरे। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना राहगीरों ने डायल-112 को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को शुरुआती इलाज के बाद शहर के एक निजी अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज के दौरान भदरापारा निवासी बहरता सिंह कंवर को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे युवक का उपचार जारी है।



घटनास्थल में घायल व मृतक।



LCIT
GROUP OF INSTITUTIONS

# LAKHMI CHAND INSTITUTE OF TECHNOLOGY

**Near High Court, Raipur Road, Bodri, Bilaspur (C.G.)**

**Affiliated to CSVTU & Approved by AICTE**

THINK EDUCATION THINK LCIT




Scan For
A Brighter Future

## ONLINE COUNSELLING PHASE - I

| Courses | Registration | Allotment | Admission |
|---|---|---|---|
| B.Tech | 30th June 2026 to 06th July 2026 | 10th July 2026 | 11th July 2026 to 15th July 2026 |

## Courses Offered

**B.Tech**
- CSE
- Civil
- Mechanical
- Electrical
- ET&T
- AI ML*

**M.Tech**
- CSE
- Civil (Environment)

**MBA**
- Human Resource
- Marketing
- Finance
- System
- Production & Operations

**MCA***
- Computer Science

## BILASPUR
Balaji Copiers, Mahamaya Chowk, Kamesh Chandrakar – 9039849285
Sarveshh Classes, Near Natraj Sweets, Sarkanda, Swati Suryawanshi – 8305050793
Budh Online Center, Masturi, Abhay Singh – 8839533390

## JANJGIR
Rohan Dewangan – 7000302399
Virendra Sharma – 7889932588

## RAIGARH
Cyber Home, Near Railway Station, Upesh Kashyap – 8103375133

## RATANPUR
Dream Academy, Near Prachin Kila, Gaurav Jaiswal – 7000370385

## Baloda
Nutan Photocopy, Baloda, Amit Awasthi – 8319985138

## AMBIKAPUR
Vaibhav Awasthi – 8982868880
Anvesh Pandey – 9630115395

## KORBA
Rahul Cyber Café, T.P. Nagar, Ashim Mukharjee – 9179353785

## MUNGELI
Ramanand Computer Centre, Infront of Pashu Chikitsalaya
Prashant Rajput – 7000857466, Nirmal Panigrani – 9993297453

## PENDRA
Speed Computer, In Front Govt. Girls School
Salim Raja – 9340838205
Mukesh Kaushik – 8435264400

## TAKHATPUR
Saurabh Computer, Barela Chowk
Tamradhvaj Vaishnav – 9575916622

## PLACEMENT HIGHLIGHTS
**265+** Placements During 2024-2026
**₹3.5 LPA** Minimum Package
**₹5 LPA** Average Package
**200+** Total Recruiters

## BEST PLACEMENTS



Saransh Rathore – ₹13.90 LPA – B.Tech CSE – INDIAN AIR FORCE



Aryan Agney – ₹13 LPA – B.Tech CSE – Dave AI



Soniya Jaiswal – ₹10 LPA – B.Tech CSE – Voyatek



Princy Agrawal – ₹10 LPA – B.Tech Civil – WATER RESOURCE DEPARTMENT (WRD)



Riya Kumari – ₹5.5 LPA – B.Tech ET&T – UBER

## OUR PLACEMENT PARTNERS
tcs TATA CONSULTANCY SERVICES | AMNEX | OMNEXIA TECHNOLOGY | AXIS BANK | ICICI Bank | ESAF SMALL FINANCE BANK Joy of Banking | Dave AI | adani CEMENT | & Many More

TRANSPORT FACILITY | COMPUTER LABS | EXPERT FACULTY | PLACEMENT ASSISTANCE | HOSTEL: BOYS & GIRLS | AC Labs | Wi-Fi Campus | Digital Classrooms

**+91 96850 91333, +91 95222 20113**

## खबर संक्षेप



### पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**बांकीमोंगरा।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के पश्चात नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ अवसर पर पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी-हिंदी विद्यालय बांकीमोंगरा में शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बांकीमोंगरा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एसएमडी के अध्यक्ष अजीत केंवट, भाजपा मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, विद्यालय के विधायक प्रतिनिधि जनकराम यादव, युवा नेता प्रकाश झा, देव राजपूत, श्रीमती माधूरी केंवट सहित विद्यालय के प्राचार्य एस. डिडोरे, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य एस. डिडोरे ने सभी अतिथियों का अभिनंदन करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन एवं संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने नए शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने का संकल्प भी व्यक्त किया। मुख्य अतिथि श्रीमती सोनी विकास झा ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने, शिक्षा के प्रति जागरूक रहने तथा बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ नैतिक मूल्यों एवं संस्कारों की शिक्षा देने का आग्रह किया।

### एफएसएसएआई ने 40 से अधिक स्ट्रीट फूड वेंडर्स को दी मान्यता

**कोरबा।** नगर निगम द्वारा घंटाघर में स्थापित चटकारा चौपाटी को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने प्रदेश का पहला ईट राइट क्लीन स्ट्रीट हब घोषित किया है। चौपाटी में 40 से अधिक स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता के निर्धारित मानकों के अनुरूप विकसित किए जाने के बाद यह मान्यता मिली है। इस उपलब्धि के लिए जिला खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा पिछले दो वर्षों से लगातार कार्य किया जा रहा था। स्ट्रीट फूड वेंडर्स को एक स्थान पर व्यवस्थित किया गया, उन्हें फूड लाइसेंस उपलब्ध कराए गए तथा हाइजीन एवं खाद्य सुरक्षा संबंधी निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही विक्रेताओं को एप्रन, नेपकिन, हैंडवॉश और डस्टबिन जैसी आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध कराई गई। खाद्य सुरक्षा विभाग का उद्देश्य आम नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण स्ट्रीट फूड उपलब्ध कराना है, ताकि लोगों के स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। जिले की यह उपलब्धि प्रदेश के अन्य शहरों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### शहर क्षेत्र के...

निर्माण कार्य में तेजी आई। लेकिन इस बीत रेत पर प्रतिबंध लगने के कारण हितग्राहियों को रेत नहीं मिलने के कारण कहीं ढलाई तो कहीं छपाई का काम लटक गया है। इसके साथ ही कुछ मकान ऐसे हैं जो प्लींथ लेबल से आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। निर्माण में राखड़ की ईंट के साथ हितग्राही घरों से निकले पुराने ईंटों का उपयोग कर रहे है। बीते एक माह से रेत तस्करी पर हो रही धड़ाधड़ कार्रवाई ने हितग्राहियों के सामने रेत का संकट खड़ा कर दिया है। स्थिति यह है कि जहां कहीं रेत निकल रही है उसके दाम आसमान छू रहे हैं।

### 11 केवी का टूटा...

बिजली बंद हो गई थी। विद्युत विभाग द्वारा व्यवस्था को दुरुस्त करने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। कुछ क्षेत्रों में ही विद्युत व्यवस्था को बहाल किया जा सका। पूरी रात बरपाली और उसके आसपास के कई ग्राम अंधेरे में डूबा रहा जिससे खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रविवार की रात 11.30 बजे विद्युत विभाग के शिकायत हेल्प लाइन 1912 में शिकायत दर्ज कराई। लेकिन विद्युत व्यवस्था बहाल नहीं हो सकी। उमस भरी भीषण गर्मी में रात भर ग्रामीणों ने रतजगा किया। बिजली पर लोगों की पूरी दिनचर्या टिकी है,बोर से लेकर तमाम उपकरण बंद पड़े हैं। ग्राम में नल जल योजना भी ठेकेदार की मृत्य उपरांत आधा अधूरा है ,लिहाजा ग्रामीण निजी बोर व हैंडपम्प पर ही निर्भर हैं । बिजली गुल होने से लोगों को पानी नही नहीं मिल पा रहा है। फोन भी डिस्चार्ज होकर बंद हो रहे हैं। कुछ लोगों के यहाँ इनवर्टर था उसकी भी सांसे रात 1 बजे फूल गई और ग्रामीण रातभर रतजगा करना पड़ा। सोमवार की सुबह विद्युत अमले की टीम हरकत में आयी और फाल्ट को खोजने का प्रयास किया गया। इस दौरान पता चला कि बरपाली में एक निजी स्कूल के समीप 11केवी के तार टूट गए थे। जिसके बाद वितरण विभाग के अधिकारियों की टीम व्यवस्था को बहाल करने का प्रयास किया गया। जिसके उपरांत दोपहर लगभग 2 बजे बहाल किया जा सका।

## वर्ष 1987 से जुड़े 39 वर्ष पुराने खाताधारक ने किया ध्वजारोहण

# जिला सहकारी बैंक एनटीपीसी में फहराया गया सतरंगी ध्वज



ध्वजारोहण करते बैंक कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, एनटीपीसी-जमनीपाली शाखा में सोमवार को सहकारिता दिवस पर सहकारी सतरंगी ध्वज फहराया गया। सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सहकारी सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसके पहले दिन एनटीपीसी शाखा के अतिवरिष्ठ खाता धारक त्रिभुवन सिंह हरिपाल व सपूरन लाल ने विधिवत पूजा-पाठ कर भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया, जिसके बाद सहकारी गीत के साथ ध्वजारोहण किया।

एनटीपीसी कोरबा के सेवानिवृत्त कर्मी व बैंक के प्रारंभ होने के समय के पहले खाताधारकों में से एक हरिपाल ने बताया कि वर्ष 1987 में इस शाखा से जुडे.और इस तरह देखते ही देखते कब 39 वर्ष गुजर गए, पता ही नहीं चला। इस अवसर पर एनटीपीसी शाखा के पहले खाताधारक गणमान्य नागरिकों में एनटीपीसी के सेवानिवृत्त कर्मी सपूरन लाल, बाबूराम भारद्वाज ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। अतिथियों के स्वागत-अभिनंदन के पश्चात कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए प्रभारी शाखा प्रबंधक श्रीमती नेहा पांडेय ने सहकारिता सप्ताह के बारे में बताते हुए कहा कि सहकार से समृद्धि के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 29 जून से 6 जुलाई तक सहकारिता सप्ताह मनाया जा रहा है। सहकारी संस्थाओं को अधिक सक्रिय, पारदर्शी और जनहितैषी बनाने की दिशा में प्रयास हो रहे हैं ताकि उनका लाभ सभी जागरुक खाताधारकों व क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों को मिल सके। इसी कड़ी में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, बिलासपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभात मिश्रा एवं कोरबा के जिला नोडल अधिकारी सुशील कुमार जोशी के मार्गदर्शन में एनटीपीसी शाखा में आज सहकारिता ध्वज फहराकर सप्ताह शुरू किया गया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराते हुए जागरूकता की मुहिम में भागीदार बनने वाले सभी अतिथियों, गणमान्य नागरिकों, व्यावसायियों एवं बैंक के खाताधारकों का आभार जताया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ नागरिक आरबी पाठक, बैंककर्मियों में पर्यवेक्षक ज्ञान प्रकाश सोनी, पर्यवेक्षक श्रीमती सुनीता चौहान, पेखन चंद्राकर, श्रीमती हारमति, मीरसिंह, गणमान्य नागरिकों में सीताराम अग्रवाल, कृष्ण कुमार चंद्रा, अमित अग्रवाल, रामकुमार चंद्रा, धूपनाथ ठाकुर, रवि टेलर, एनटीपीसी हास्पिटल के रामकुमार, रमेश, छोटू भारिया, कक्षा सातवीं के छात्र भावेश, 10वीं के छात्र अनुभव समेत अन्य उपस्थित रहे।

## आदिवासी सेवा सहकारी समिति जवाली में हुआ आयोजन



सहकारिता सप्ताह के प्रथम दिवस के अवसर पर प्रात 9 बजे के पश्चात आदिवासी सेवा सहकारी समिति जवाली में सहकारिता दिवस एवं केंद्रीय सहकारिता प्रकोष्ठ के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जन आंदोलन अंतर्गत ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस की भांति यह आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में सहकारिता दिवस कार्यक्रम प्रारंभ की गई जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से सहकारिता जय घोष सहकार गीत गाए। कार्यक्रम में सहकारिता प्रकोष्ठ के 5 वर्षों की प्रमुख उपलब्धियां का संक्षिप्त जानकारी प्रदान किया गया जिसके अंतर्गत प्रतिवर्ष समितियों में सैकड़ो की संख्या में किसान शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए जुड़ रहे हैं। इस कार्यक्रम में प्राधिकृत अधिकारी राजेंद्र पाल सिंह कंवर, ग्राम पंचायत के सरपंच दिलेश कुमार कंवर पंच प्रतिनिधि कृषक मित्र हेमलाल पटेल, राजकुमारी, लक्ष्मी प्रसाद निषाद, जनक राम कंवर, विश्राम सिंह, विक्की द्विवेदी, मनोज साहू, नीरज, अजय साहू, पुरुषोत्तम साहू, डॉ दिवाकर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जिला सहकारी बैंक शाखा बरपाली में किया गया ध्वजारोहण

जिला सहकारी बैंक शाखा बरपाली में सहकारी सप्ताह मनाया गया। जिसके उपलक्ष में बैंक परिसर में ध्वजारोहण किया गया। सहकारिता मंत्रालय के गठन के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 जून से 6 जुलाई तक देशभर में सहकारी सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ सहित सभी राज्यों में इसका मुख्य उद्देश्य सहकार से समृद्धि के संकल्प को जन-आंदोलन बनाना सहकारी संस्थाओं की उपलब्धियों का प्रदर्शन और नागरिकों की सहभागिता बढ़ाना है। जिसमें से प्रमुख रूप से जन जागरूकता और संगोष्ठी का आयोजन ,किसानों को जैविक खाद, एफपीओ गठन और किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में प्रशिक्षित करना है। कार्यक्रम में करतला जनपद के उपाध्यक्ष मनोज झा ,बरपाली सरपंच भुनेश्वर बिंझवार ,क्षेत्र की जनपद सदस्य नीता राकेश यादव, सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक सतीश राठौर एवं पीयूष गुरुद्वान, त्वरिता तिवारी, कृष्णा बिंझवार, बिहारी लाल साहू एवं समस्त स्टाफ के साथ क्षेत्र के कृषकगण उपस्थित रहे।



## तिलकेजा में हुआ आयोजन

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति तिलकेजा में सहकारिता सप्ताह के प्रथम दिन समिति प्रांगण में सहकारी ध्वज फहराया गया और उपविधि का वाचन किया गया। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच श्रीमती तेरस बाई कंवर पंच देवमूरत कंवर उरगा मंडल के अध्यक्ष किशन साव, निर्मल साव, राम मनोहर सोनी, मनीलाल हलवाई, गंगाराम केवट, कैलाश कौशिक, लक्ष्मण उरांव पूर्व समिति अध्यक्ष भैंसमा ओमप्रकाश बघेल, लेखू राम केवट, रविंद्र सोनी, रामू जायसवाल, श्रीमती कृपा बाई जायसवाल, दुर्गा जायसवाल, महेंद्र पाल कंवर, शिव खरे, हरवंश कंवर, अमित कश्यप, प्यारेलाल कंवर प्रबंधक दुलीचंद धीवर डाटा ऑपरेटर दिनेश कुमार पटेल राकेश केवट सिरजू धीवर आदि उपस्थित रहे।

## सुतर्रा में आयोजन

सुतर्रा में सहकारी सप्ताह समारोह का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ पवन जिला पंचायत अध्यक्ष कोरबा, जिला मंत्री विवेक मार्कण्डेय और जिला उपाध्यक्ष विष्णु यादव, जिला मंत्री ओबीसी मोर्चा मनोज डिसेना, सरपंच बिन्झरा चंद्रिका देवी पोर्ते और स्टॉप प्रबंधक संतन दास महंत और ऋषभ चंद्रभान, रघु धनसिंह और समस्त कृषक गढ़ की उपस्थिति में सहकारी सप्ताह समारोह झण्डा फहरा कर मनाया गया।



## भैसमा में फहराया गया झण्डा



आदिवासी सेवा सहकारी समिति भैसमा में 29 जून से 6 जुलाई तक चलने वाले सहकारी सप्ताह का भव्य शुभारंभ सतरंगी सहकारी ध्वजारोहणकर किया गया। सहकारी सप्ताह केंद्र एवं राज्य शासन की सहकारिता को बढ़ावा देने एवं सहकारिता मंत्रालय के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश के सहकारी समितियां में आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आदिवासी सेवा सहकारी समिति भैसमा में सहकारी सप्ताह के प्रथम दिवस सहकारी ध्वज का ध्वजारोहण किया गया ध्वजारोहण भारतीय जनता पार्टी उरगा मंडल के मंडल अध्यक्ष किशन साव के द्वारा किया गया ध्वजारोहण के समय पूर्व विधायक श्यामलाल कंवर, जनपद सदस्य भूपेंद्र सिंह कंवर, ग्राम के सरपंच संजय कंवर, पूर्व जनपद अध्यक्ष सरमन सिंह कंवर, वरिष्ठ भाजपा नेता योगेंद्र कौशिक भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष श्रीमती भुवनेश्वरी कंवर, सहकारी प्रकोष्ठ के कार्यकारिणी सदस्य दिलीप कौशिक, सहकारिता विस्तार अधिकारी एवं समिति के प्राधिकृत अधिकारी श्रीमती सुभद्रा सिदार,समिति प्रबंधक तुलेश्वर कौशिक समिति के कर्मचारी उमाकांत लहरे,गोवर्धन पटवा ,भाव सिंह कंवर, उदय सिंह कंवर एवं सभी समिति क्षेत्र से आए किसान भाई उपस्थित रहे।

## सहकारिता दिवस पर किया गया ध्वजारोहण



केंद्र सरकार के सहकारी समिति गठन को पांच वर्ष पूर्ण होने पर शासन के निर्देशानुसार 29 जून से 6 जुलाई तक सहकारिता सप्ताह के तहत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति चैतमा में सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सदस्य सूरभवन सिंह कंवर के मुख्य आतिथि में एवं सेवा सहकारी समिति चैतमा के अध्यक्ष ठुमपाल सिंह तंवर द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक कमल दुबे द्वारा विधिवाचन कर खाद, बीज, भंडारण एवं वितरण की जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच ग्राम पंचायत चैतमा, राजलाल सिंद्राम, उपसरपंच सुकालु राम प्रजापति, अमरनाथ कैवर्त, डी के आदिले, शीतल शर्मा, शिवपटेल सहित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सदस्य व किसान उपस्थित हुए।

# मुआवजा पुनर्वास सहित अन्य मांगों को लेकर तहसील कार्यालय दर्री का घेराव



धरना देते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम जटराज (चन्द्रनगर) तहसील दर्री का कोल उत्खनन हेतु एसईसीएल कुसमुण्डा परियोजना के द्वारा संपूर्ण भूमि का चार चरणों में वर्ष 1979 सीबीए, वर्ष 1983 म.प्र.पू.निति, वर्ष 1984 म.प्र.पू.निति पूरक, वर्ष 2010 - सीबीए सेक्शन 9 (1) में अर्जन किया गया है। अर्जन उपरांत उपरोक्त ग्राम जटराज के रोजगार, मुआवजा, पुर्नवास संबंधि समस्याओं का कई बार निवेदन, आवेदन के बावजूद विधि सम्मत निराकरण नहीं किया जा रहा है। ग्राम जटराज को उत्खनन हेतु खाली कराने की मंशा से का पालन न करते हुए अवैधानिक रूप से बलपूर्वक रोजगार, मुआवजा एवं पुर्नवास संबंधि जिला को आवेदन निवेदन के उपरांत निराकरण नहीं किया जा रहा है।

ग्राम जटराज के पुराने रोजगार प्रकरण जिनका अर्जन 1978, 1983 एवं 1984 में किया गया था, आज तक पुर्नवस समिति के निर्देशानुसार नहीं किया जा रहा है। ग्राम जटराज मसाहती ग्राम है। चारों अर्जन में मसाहती मानकर रोजगार, मुआवजा, पुर्नवास की कार्यवाही की जा रही थी एवं ग्रामिणों को समस्त लाभ प्रदान किया गया है। विधि विरूद्ध एकाएक वर्ष 2026 में अनसर्वेड को सर्वेड बताकर खातेदार की भूमि को आवास स्थल दूर बताते हुए आवास का निर्माण निजी भूमि में नहीं होने का हवाला देकर सोलेसियम राशि में कटौती की जा रही है। सर्वेड होने के संबंध में दस्तावेज की मांग तहसीलदार प्रियंका चन्द्रा एवं नकल शाखा से मांग करने पर प्रदान हीं की जा रही है। नकल शाखा से नकल आवेदन करने पर दस्तावेज जमा नहीं होने के कारण दस्तावेज प्रदान किया जाना संभव नहीं है, लिखकर प्रदान किया गया है। ड्रोन सर्वे के आधार पर परिसंपत्तियों का मुआवजा निर्धारण किया जा रहा है। अतः ड्रोन सर्वे 28 मई 2023 के आधार पर किया जा रहा है। यह ड्रोन सर्वे हमारे बगैर जानकारी के सहमति के किया गया है जिसकी सूचना विधि विरूद्ध 2025 के अखबार प्रकाशन की गई है। जबकि यह पत्र एस.डी.एम. कटघोरा के संज्ञान में जारी पत्र है। जिसका प्रकाशन जारी नहीं किया था। इससे प्रबंधन के द्वारा किया जाने वाला षड़यंत्र स्पष्ट परिलक्षित होता है। परिसंपत्तियों के मापन कमेटी मेम्बर की अनुपस्थिति में एसईसीएल के अधिकारीयों के द्वारा मापन किया जा रहा है। इस दौरान तहसीलदार दर्री चन्द्रा, पटवारी, आर.आई. , तहसीलदार श्री केरकेट्टा उपस्थित रहे। नियमानुसार मेजरमेंट बुक तकनीकी जानकर सिविल विभाग के अभिंयता के द्वारा दर्ज करना था। विधि के विरूद्ध कमेटी मेम्बर की अनुपस्थिति में अनाधिकृत व्यक्तियों के द्वारा एम.बी. बुक भरा जा रहा है। यह कार्य कूटरचित है। औपचारिकता के लिए बाद में उक्ब्त अधिकारियों का हस्ताक्षर कराया जा रहा है। परिसंपत्ति मापन के दौरान विधि के विरूद्ध कार्य होने पर सहमति स्वरूप बहुत से व्यक्तियों के द्वारा हस्ताक्षर नही किया गया है। प्रबंधन के नोटिस चस्पित कर 30 जून तक परिसंपत्तियों का 50 प्रतिशत मुआवजा राशि प्राप्त नहीं करने पर राशि ट्रिब्यूनल में जमा करने की सूचना प्रदान किया गया है जबकि बसाहट की मिट्टी, बरसात में कई फिट गड्डे के रूप में कट कर बह रही है।




### तिवरता में आयोजित हुआ सतगुरु कबीर प्रकटोत्सव

**कोरबा।** विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत तिवरता में आयोजित सतगुरु कबीर साहब का प्रकट उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल रहे। इस पावन अवसर पर महंत समाज के लिए सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। विधायक श्री पटेल ने कहा कि यह भवन सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा और समाज के लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। संत कबीर साहब ने जात-पात, ऊंच-नीच, आडंबर और पाखंड से ऊपर उठकर मानव-मानव एक समान का अमर संदेश दिया। उनके विचार आज भी समाज को सत्य, प्रेम, सद्भाव, समानता और भाईचारे के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उनके आदर्शों का अनुसरण कर ही समरस, सशक्त और विकसित समाज का निर्माण संभव है। इस अवसर पर पूर्व जिला सदस्य निर्मल सिंह, सरपंच रजनीश मरावी, विधायक प्रतिनिधि हरिश थरवानी, छोटे लाल पटेल , नरेन्द्र पटेल, गोरेलाल, रामदास, ईश्वर दास, रमेशदास, परमेश्वरदास, धर्मदास, निर्मल दास सहित महंत समाज के पदाधिकारी, वरिष्ठजन एवं सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।


॥ ॐ श्री अच्युताय नमः ॥

**शोक संदेश**

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि

**श्री रामकिशन अग्रवाल जी**

(पुत्र स्वर्गीय श्री परमेश्वरी लाल अग्रवाल)
तुलसी भवन, कैनरा बैंक के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा
का दिनांक 19 जून 2026 को स्वर्गवास हो गया।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें।

**गरुड़ पुराण समाप्ति एवं पगड़ी रस्म**

दिनांक : 30 जून 2026 (मंगलवार)
समय : सायं 4:00 बजे
स्थान : तुलसी भवन,कैनरा बैंक के बगल में,टी.पी. नगर, कोरबा

**-: शोकाकुल :-**

भाई दीनदयाल अग्रवाल ( शिव ब्रदर्स)
भाई केदार नाथ अग्रवाल ( तुलसी टीवीएस)
भाई शिव शंकर अग्रवाल ( शिव पर्दावाला)
एवं समस्त बैरिलिया परिवार

भावपूर्ण श्रद्धांजलि


## कोरबा मार्केट


स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
**सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज**
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ)
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
07759-222211, 9993000683, 9109488443, 9425558441
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

**विद्यार्थी बचत योजना**
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, MCom, Msc, PET, NEET की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये।
**विद्यार्थी बुक डिपो**
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्राओं का किया गया सम्मान

**कोरबा।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समाज में सकारात्मक प्रेरणा का संदेश देता है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए ग्राम पंचायत माखुरपानी में आयोजित सम्मान समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बोर्ड एवं प्राथमिक स्तर पर उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं का साल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजगरबहार की कक्षा 12वीं की छात्रा लक्ष्मनिया यादव, जिन्होंने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया, उनका विशेष सम्मान किया गया। वहीं प्राथमिक शाला गढ़कटरा की कक्षा 5वीं की छात्रा मुस्कान मंझवार, जिन्होंने 90 प्रतिशत अंक अर्जित किए, उन्हें भी साल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर योगेश कुमार त्रिपाठी, विश्वनाथ कंवर, पुराना बाई मंझवार, बहोरन लाल मंझवार, थान सिंह कंवर, लखन मंझवार उपस्थित रहे।

### मुढ़ापार-कोरबी सड़क बनी विकास की नई पहचान

**कोरबा।** जिले के खनन प्रभावित क्षेत्रों में लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं का अभाव ग्रामीणों के विकास में बड़ी बाधा बना हुआ था। गांवों की जर्जर सड़कें, विशेषकर वर्षा ऋतु के दौरान, लोगों की परेशानी का प्रमुख कारण थीं। आवागमन बाधित होने से विद्यार्थियों को स्कूल पहुंचने, मरीजों को अस्पताल जाने, किसानों को अपनी उपज बाजार तक ले जाने तथा ग्रामीणों को दैनिक आवश्यक कार्यों के लिए अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। कई बार सड़क पर कीचड़ और जलभराव के कारण लोगों का घरों से निकलना भी मुश्किल हो जाता था। इन समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) मद से विभिन्न विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई। इन्हीं विकास कार्यों में ग्राम मुढ़ापार से धतूरा होते हुए कोरबी एवं खम्हरिया तक सड़क के नवीनीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य शामिल किया गया। यह लगभग 4.40 किलोमीटर लंबी सड़क वर्षों से अत्यंत जर्जर स्थिति में थी।

### बुद्ध कल्याण समिति की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन



**कोरबा।** सूर्यवंशी समाज की प्रतिष्ठित संस्था बुद्ध कल्याण समिति के कार्यकाल वर्ष 2026-2029 के लिए नए पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी रमेश सूर्यवंशी द्वारा सभी पदों के आधिकारिक वोट और परिणामों की घोषणा कर दी गई है। इस बार के चुनाव में मतदाताओं ने जबरदस्त उत्साह दिखाया, जिसके कारण कई पदों पर बेहद करीबी और कांटे की टक्कर देखने को मिली। चुनाव समिति द्वारा जारी किए गए अंतिम आंकड़ों के अनुसार, रोमांचक मुकाबले में जगदीश खरे और लाभों राम सूर्यवंशी की करीबी जीत हुई। अध्यक्ष पद के मुकाबले में जगदीश खरे को कुल 48 वोट मिले जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी लाभो राम सूर्यवंशी को 42 वोट प्राप्त हुए। इस तरह जगदीश खरे ने 6 वोटों के अंतर से अध्यक्ष पद पर शानदार जीत दर्ज की। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर भी मुकाबला बेहद दिलचस्प रहा। सुभाष सूर्यवंशी को कुल 46 वोट मिले, जिन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी नारायण प्रसाद (43 वोट) को मात्र 3 वोटों के मामूली अंतर से शिकस्त देकर जीत हासिल की। सचिव पद के त्रिकोणीय मुकाबले में दिनेश टेंगवार ने एकतरफा बढ़त बनाते हुए सबसे अधिक 43 वोट हासिल किए और सचिव पद की कमान अपने नाम की। उनके प्रतिद्वंदियों में रामकुमार सोनवानी को 23 वोट और रूपचंद लाठिया को 22 वोट मिले।

# पीएम श्री स्कूल के छात्र करेंगे विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के स्कूली छात्रों को देश के तकनिकी संस्थानों का अवलोकन कराने का कार्य शिक्षा विभाग द्वारा कराया जा रहा है। जिससे छात्रों को तकनीकी जानकारी के साथ भविष्य मे कैरियर, निर्माण क्री दिशा भी मिलती छात्रों के साथ स्कूल के विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को भी भ्रमण मे भेजा जा रहा है। इसी कढ़ी मे जिले के पीएम श्री स्कूल के छात्रों को विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर के भ्रमण के लिए भेजा गया है।

उल्लेखनीय है कि सोमवार को पीएम श्री विद्यालय के सात विद्यार्थी संबंधित विद्यालय के सात टीचर और जिला कार्यालय से दो नोडल अधिकारियों की टीम 29 जून से 5 जुलाई तक शैक्षणिक भ्रमण के लिए विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर, अहमदाबाद, गुजरात के

**सोमवार को हुए जिले से रवाना, सात दिन रहेंगे भ्रमण पर**



लिए कलेक्ट्रेट परिसर कोरबा से रवाना हुई। भ्रमण में जाने वाले सभी प्रतिभागियों एवं शिक्षकों के आने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा के द्वारा सुबह 6 बजे हरी झंडी दिखाकर बस को बिलासपुर के लिए रवाना किया गया। जिसमें कटघोरा ब्लॉक के पीएमश्री एकलव्य हायर सेकेण्डरी छुरीकला के विद्यार्थी रीनू तथा व्याख्याता प्रतिभा यादव, कोरबा ब्लॉक के पीएमश्री सेजेस बालको के विद्यार्थी कोमल कुमार तथा व्याख्याता मनोज वैष्णव, पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के पीएमश्री सेजेस अंग्रेजी पोड़ी उपरोड़ा के विद्यार्थी कृष्णा साहू तथा व्याख्याता सुश्री नेहा सिंह, कोरबा ब्लॉक के पीएमश्री सेजेस हिन्दी तिलकेजा के विद्यार्थी विवेक कैवर्त तथा व्याख्याता पुष्पलता राठौर, कटघोरा ब्लॉक के पीएमश्री सेजेस हिन्दी, अंग्रेजी स्कूल बांकीमोंगरा के विद्यार्थी आशी राय तथा व्याख्याता श्रीमती मुक्ता थंकचन, कटघोरा ब्लॉक के सेजेस अंग्रेजी स्कूल दीपका के विद्यार्थी कुंदन पटेल तथा व्याख्याता उमेश कुमार, कटघोरा ब्लॉक के सेजेस अंग्रेजी स्कूल करतला के विद्यार्थी अभय प्रताप राठिया तथा व्याख्याता श्रीमती नीलिमा पटेल शामिल हैं।

## कटघोरा वन मंडल के जटगा रेंज के ग्राम धवलपुर की घटना

# मवेशी खोजने गए युवक पर हाथी ने किया हमला, मौत



घटनास्थल में पड़ा मृतक का शव।



परिजनों को आर्थिक सहायता देते वन कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वन मंडल में अपना स्थायी ठिकाना बना चुके हाथियों का आंतक लगातार बढ़ते ही जा रहा है। रविवार की रात

**खास बात**

- दस हाथियों का झुंड जटगा रेंज में कई दिनों से कर रहा है विचरण

मवेशी की तलाश में जंगल पहुंचे एक युवक पर हाथी ने हमला कर मौत के घात उतार दिया है। हाथी हमले की घटना की सूचना पर वन अमले की टीम मौके पर पहुंची थी जहां मामले में वैधानिक कार्यवाही कर मृतक के परिजनों को तत्कालिक सहायता की राशि प्रदान कर दी गई है। वहीं घटना के बाद वनांचल क्षेत्र में बसने वाले ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है।

कटघोरा वन मंडल के जटगा रेंज में 10 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। बताया जाता है कि रविवार की रात ग्राम धवलपुर के बंधवापारा निवासी संतोष कुमार गोड़ पिता शिवमंगल गोड़ उम्र 40 वर्ष रात लगभग 9 बजे अपने मवेशियों की तलाश में गांव से लगे जंगल की ओर गया हुआ था। इस दौरान कक्ष क्रमांक पी-270 बासीन परिसर में पहले से डेर डाले हाथियों के झुंड में से एक एक दंतैल हाथी से संतोष का सामना हो गया और दंतैल हाथी ने संतोष को देखते ही उस पर हमला कर सूंड से उठाकर मौत के घात उतार दिया। देर रात को हाथी हमले की सूचना मिलते ही कटघोरा वन मंडलाधिकारी कुमार निशांत के निर्देश पर तत्काल वन अमले की टीम मौके पर पहुंची और हाथियों को जंगल की ओर किसी तरह खदेड़ा गया। जिसके बाद वन विभाग व पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर आगे की कार्यवाही शुरू की। पंचनामा के बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया गया। वहीं सरपंच व अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में मृतक के परिजनों को वन विभाग की ओर से तत्कालिक सहायता राशि रूपए 25 हजार उपलब्ध करायी गई। वहीं हाथी हमले से ग्रामीण की मौत होने से लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है।



क्षेत्र में मंडराता हाथियों का झुण्ड।

**मवेशी खोजने या फिर हाथी खदेड़ने गए थे ग्रामीण**

वन विभाग के अधिकारिक सूत्र बताते हैं कि ग्रामीणों ने संतोष को मवेशी खोजने जाने की बात उन्हें दी है लेकिन वन विभाग के प्रारंभिक जांच में हाथी आने की सूचना पर संतोष व कुछ अन्य ग्रामीण हाथी को खदेड़ने पहुंचे थे और इसी दौरान जब एक दंतैल हाथी ने पलट कर उन्हें दौड़ाया है तब संतोष हमले का शिकार हुआ है। हालांकि अधिकारियों ने इसकी अधिकृत पुष्टि नहीं की है। लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में वन विभाग द्वारा मुनादी कर हाथी के नजदीक ना जाने व घरों में रहने की सलाह दी जाती है। इसके बाद भी लोग अपने हरकतों से बाज नहीं आते हैं और घटना के शिकार हो जाते हैं।

**एक सप्ताह के भीतर हमले से दूसरी मौत**

कटघोरा वनमंडल में लगभग 50 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है जो अगल अलग झुंड में विभक्त हो गया है जिससे वन अमले की परेशानी बढ़ गई है। एक सप्ताह के भीतर हाथी के हमले में दूसरी मौत से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। इससे पहले एक लोनर हाथी ने केंदई रेंज के पतुरियाडांड में एक वृद्ध महिला को कुचल दिया था जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई थी। इस घटना को हुए एक सप्ताह भी नहीं बीता है कि अब फिर से जटगा रेंज में दूसरी घटना सामने आयी है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें जंगल में पर्याप्त सुरक्षा मुहैया उपलब्ध करानी चाहिए। वनांचल क्षेत्र में बसने वाले ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर हैं हालांकि वन अमले की टीम गांव गांव में मुनादी कर सतर्क जरुर कर रही है लेकिन जानमाल की नुकसान से ग्रामीणों की मुश्किले बढ़ती जा रही है।

# लापता युवती का जंगल में मिला था शव परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



ग्रामीणों को समझाते थाना प्रभारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक दिन पहले ही लापता युवती की लाश वनांचल क्षेत्र से पुलिस ने बरामद किया था। जिसके बाद सोमवार को मृतिका के परिजन बड़ी संख्या में बालको थाना पहुंच गए और मामले में हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग करने लगे जिसके बाद जहां थाना प्रभारी ने मृतिक के परिजनों को आश्वासन दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत के लिए एसपी कार्यालय पहुंचे और मामले की शिकायत की है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच हो रही है पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले में त्वरित कार्यवाही की जाएगी।

**खास बात**

- बालको थाना पहुंचे थे मृतिका के परिजन, थानेदार की समझाइश पर मामला हुआ शांत

उल्लेखनीय है कि कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत भैरवताल निवासी हरिराम धनवार की 18 वर्षीय पुत्री सपना धनवार 7 जून को अपने घर से सर्वमंगला मंदिर जाने के नाम पर निकली थी। जिसके बाद वह घर नहीं लौटी थी परिजनों द्वारा आसपास क्षेत्र में उसकी खोजबीन की गई लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला तो 10 जून को परिजनों ने इस मामले के लिखित शिकायत कुसमुंडा थाने में दर्ज कराई थी जिसके बाद सपना धनवार का नर कंकाल बालको थाना क्षेत्र के सरायपाली सुखाडीह के जंगल से बरामद किया गया था। सोमवार को मृतिका के परिजन बड़ी संख्या में बालको थाना जा पहुंचे और हत्या का आरोप लगाते हुए उनका कहना था कि युवती को मेवा टिकरा निवासी एक युवक अपने साथ लेकर घूमता था उसकी भूमिका संदिग्ध है। परिजनों ने मामले में हत्या का आरोप लगाया है। वहीं बालको थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने मृतिका के परिजनों को आश्वस्त किया है कि शव का पीएम कराया गया साथ ही एफएसएल जांच भी करायी गई है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे और पीएम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस तत्वरित कार्यवाही करेग।

# तेज रफ्तार कार नहर किनारे दीवार से टकराई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वमंगला कनवेरी मार्ग में सोमवार की दोपहर तेज रफ्तार मारुति स्विफ्ट डिजायर कार सीजी 12 बीएफ 4112 सोनपुरी पुल के पास आधे अधूरे ब्रेकर से टकरा कर अनियंत्रित हो गई और सीधे नहर किनारे बने दीवार से जा टकराई। कार के एयर बैग खुलने से कार के सामने सीट में बैठे पति पत्नी बाल बाल बच गए। बताया जा रहा है कि दंपति बिलासपुर जिले के उसलापुर से कोरबा आ रहे थे, इस दौरान यह हादसा हुआ।

# राष्ट्रीय स्तर की सांस्कृतिक प्रतियोगिता में आराध्या ने हासिल किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय बिलासपुर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की सांस्कृतिक प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के बीच उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आराध्या लोहानी ने अपने संवर्ग में कत्थक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले एवं अपने परिवार का नाम गौरवान्वित किया है।

आराध्या लोहानी मनोज लोहानी की सुपुत्री हैं जो शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में व्याख्याता के पद पर कार्यरत हैं। उनकी माता श्रीमती अनिता लोहानी आश्रम शाला बिंझरा में शिक्षक के रूप में पदस्थ हैं। माता-पिता के मार्गदर्शन तथा अपनी लगन, मेहनत और कला के प्रति समर्पण के बल पर आराध्या ने यह उपलब्धि अर्जित की है। प्रतियोगिता के दौरान आराध्या ने अपने प्रभावशाली कत्थक नृत्य की प्रस्तुति देकर निर्णायकों एवं दर्शकों का मन मोह लिया। उनकी प्रस्तुति को तकनीकी दक्षता, भावाभिव्यक्ति और मंच संचालन के लिए विशेष सराहना मिली। आराध्या इससे पूर्व भी विभिन्न सांस्कृतिक एवं कला मंचों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुकी हैं तथा अनेक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सम्मान प्राप्त कर चुकी हैं। उनकी निरंतर सफलता यह दर्शाती है कि वे भारतीय शास्त्रीय नृत्य की विधा में उज्ज्वल भविष्य रखती हैं। आराध्या की इस उपलब्धि पर शिक्षकों, कला प्रेमियों, मित्रों एवं क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।



पुरस्कार प्राप्त करती आराध्या।

# कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा 5 जुलाई को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास रायपुर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन 5 जुलाई को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु जिले के पात्र विद्यार्थियों से 15 जून तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था।







## 170 प्रतिभागियों ने मेगा शतरंज प्रतियोगिता में लिया भाग

# नन्हें बाजीगरों ने बाजी जीतने चले एक से एक दांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जेसीआई कोरबा सेंट्रल द्वारा सीनियर क्लब, कोरबा ईस्ट में मेगा शतरंज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले भर से 170 प्रतिभागियों ने भाग लेकर इसे सबसे बड़ी शतरंज प्रतियोगिताओं में से एक बना दिया।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि संजीव कंसल मुख्य अभियंता, डीएसपीएम, विशिष्ट अतिथि राणा विश्वकर्मा अध्यक्ष, जिला शतरंज संघ एवं विशेष अतिथि इंजीनियर योगेश गोयल उपस्थित रहे। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि लखन लाल देवांगन कैबिनेट मंत्री उपस्थित रहे। समारोह में अतिथि विशिष्ट घनश्याम अग्रवाल एवं विशेष अतिथि सीए आशीष अग्रवाल भी उपस्थित रहे। श्री देवांगन ने शतरंज के महत्व को बताया और इस आयोजन को लेकर जेसीआई कोरबा सेंट्रल की प्रशंसा की। प्रतियोगिता के प्रत्येक विजेताओं को आकर्षक ट्रॉफियां एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया एवं सभी प्रतिभागी को मेडल एवं सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।



प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

**ये रहे विजेता बाजीगर**

अंडर-7 बालक वर्ग में सनय लोधी प्रथम, रुद्रांश टैगोर द्वितीय एवं प्रभास साहू तृतीय रहे। अंडर-7 बालिका वर्ग में रुप्सा नायक प्रथम, अनन्या वैष्णव द्वितीय एवं हितिक्षा तृतीय रहीं। अंडर-9 बालक वर्ग में अक्षय सोनी प्रथम, सक्षम जायसवाल द्वितीय एवं मुदित शुक्ला तृतीय रहे। अंडर-9 बालिका वर्ग में श्रेष्ठा साहू प्रथम, वैशाली सोनी द्वितीय एवं कैवल्या सोनी तृतीय रहीं। अंडर-11 बालक वर्ग में सक्षम नेताम प्रथम, आरव ठाकुर द्वितीय एवं आह्वान शर्मा तृतीय रहे। अंडर-11 बालिका वर्ग में शनाया कोशले प्रथम, सुनहिला रंजन द्वितीय एवं प्रियल प्रकाश तृतीय रहीं। अंडर-13 बालिका वर्ग में सिद्धि सराफ प्रथम, तैयबा फातिमा द्वितीय एवं अनिंदित तिवारी तृतीय रहीं, जबकि अंडर-13 बालक वर्ग में अद्विक साहू प्रथम, सार्थक अग्रवाल द्वितीय एवं चैतन्य निर्मलकर तृतीय रहे। अंडर-15 बालक वर्ग में बद्री प्रसाद प्रथम, बृजराज द्वितीय एवं अर्शित जैन तृतीय रहे। अंडर-15 बालिका वर्ग में वैष्णवी नेताम प्रथम, अनुष्का प्रमाणिक द्वितीय एवं ऐशानी विश्वकर्मा तृतीय रहीं। अंडर-17 बालक वर्ग में ऋषित सिंह तथा अंडर-17 बालिका वर्ग में सृष्टि अरुण सिंह प्रथम रहे। ओपन पुरुष वर्ग में शुभम कुमार साहू प्रथम, दीपक सिंह द्वितीय एवं अंशुमान कैवर्त तृतीय रहे, जबकि शब्द सोनी, राकेश सोनी, निखिल सिदार, एलेक्स जोसेफ एवं विकास कुमार को विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। ओपन महिला वर्ग में ऋषिका कश्यप, तनुजा नेताम, वासरिका कोशले, शिवाजी सोनी एवं लावण्या साहू को सम्मानित किया गया।

